आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

होली

रंगों का त्यौहार होली आज देश सहित पूरे प्रदेश में पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस त्योहार को लेकर प्रदेशभर में हर आयुवर्ग के लोगों में उत्साह देखा गया। इस त्यौहार को बसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। इसके अलावा ये पर्व एकता और सद्भावना को भी बढ़ावा देता है। होली के अवसर पर शिमला स्थित राजभवन, मुख्यमंत्री के सरकारी आवास ओक ओवर और विपक्ष के नेता के आवास पर शुभकामनाएं देने वालों की काफी भीड़ लगी रही। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने राजभवन जाकर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को होली की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि ये पर्व सभी के जीवन में खुशहाली व समृद्धि लाएगा।

होली उत्सव

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि राज्य सरकार पारंपरिक उत्सवों और त्योहारों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। वे आज किन्नौर ज़िले के सांगला में प्रसिद्ध होली उत्सव के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है और ये पर्व आपस में प्रेम, प्यार और भाईचारे को कायम रखने का भी प्रतीक है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि ज़िले में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सांगला वैली को पर्यटन की दृष्टि से और अधिक सुविधाजनक बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सांगला में चल रहे सीवरेज प्रणाली के कार्य को जुलाई माह तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने जन समस्याएं भी सुनीं और मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

बजट

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू सोमवार 17 मार्च को विधानसभा में अगले वित्त वर्ष का बजट पेश करेंगे। उल्लेखनीय है कि विधानसभा का बजट सत्र इन दिनों शिमला में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा बजट सोमवार सुबह 11 बजे पेश किया जाएगा। इससे पहले ये बजट पूर्व निर्धारित समय के अनुसार 17 मार्च को दोपहर 2 बजे प्रस्तुत किया जाना था। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के अनुसार विधायकों के आग्रह के बाद विधानसभा की बिजनेस एडवाइज़री कमेटी ने बजट प्रस्तुत करने के समय में बदलाव किया है।

जगत सिंह

किन्नौर ज़िले के रकछम में हिम मूर्ति कला पर आयोजित 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया है। समापन अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि ये प्रशिक्षण शिविर कला, रचनात्मकता और प्रवीणता का एक उत्तम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि किन्नौर ज़िले में बर्फ से मूर्ति बनाने पर प्रशिक्षण शिविर पहली बार आयोजित किया गया है जिसके लिए प्रशासन बधाई का पात्र है।

जगत सिंह नेगी ने कहा कि स्थानीय लोग इस कला से जुड़कर रोज़गार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा पर्यटन की दृष्टि से भी ये कला काफी अहम है। किन्नौर के उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने हिम मूर्ति कला शिविर के दौरान हुई गतिविधियों की जानकारी दी।

प्रधानमंत्री आवास योजना

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत चम्बा जिला की सभी ग्राम पंचायतों में योजना को पूरा करने के लिए 19 हजार 81 पात्र परिवारों का सर्वेक्षण के माध्यम से चयन कर लिया गया है। इस योजना का शेष कार्य 31 मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। लाभार्थी परिवार स्वयं भी मोबाइल ऐप आवास प्लस के माध्यम से सर्वेक्षण कर सकते हैं।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश में मौसम ने एकबार फिर करवट ली है। इसके प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में दोपहर बाद से बादल छाए हुए हैं और कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा भी हुई है। मौसम में आए इस बदलाव से दिन के तापमान में एकबार फिर कमी दर्ज की गई है। ऊपरी क्षेत्रों में भी बादल छाए हुए हैं और इन क्षेत्रों में अभी भी सुबह–शाम ठंड का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर वर्षा जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात की संभावना जताई है।

नमस्कार।